# समाज विकास

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

• जनवरी २०२० • वर्ष ७१ • अंक ०१

मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००




सम्मेलन के ८५वें स्थापना दिवस समारोह का दीप जलाकर शुभारम्भ करते लोकसभाध्यक्ष श्री ओम बिरला; परिलक्षित हैं (बायें से) सर्वश्री श्रीगोपाल झुनझुनवाला, महावीर अग्रवाल, सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय, सांसद महेश पोद्दार, संतोष सराफ, माननीय लोकसभाध्यक्ष, कैलाशपति तोदी, सांसद लॉकेट चटर्जी, सीताराम शर्मा एवं विवेक गुप्त।



११ जनवरी २०२० को कोलकाता में आयोजित सम्मेलन के भाषा-साहित्य सम्मान समारोह में सम्मानित साहित्यकार डॉ. चेतन स्वामी एवं श्री पवन पहाड़िया के साथ मुख्य अतिथि शंकर लाल कारीवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सराफ, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया, रतन शाह, कुंज बिहारी अगरवाला एवं सम्मेलन के अन्य पदाधिकारी।



०५ जनवरी २०२० को दिल्ली में आयोजित दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के चतुर्थ प्रादेशिक अधिवेशन का दीप जलाकर उद्घाटन करते राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ; साथ में परिलक्षित हैं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पवन गोयनका, दिल्ली सम्मेलन के अध्यक्ष श्री राजकुमार मिश्रा, निर्वाचित अध्यक्ष श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया, श्री सुरेश पोद्दार एवं श्री विनोद किला।

**भारतीय गणतंत्र स्थापना की ७०वीं वर्षगाँठ पर सम्मेलन के सभी सदस्यों एवं समाज विकास के सुधी पाठकों को हार्दिक बधाइयाँ!**

**झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष**



श्री ओम प्रकाश अग्रवाल

**बिहार प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष**



श्री महेश जालान


LINC
pentonic
pentonic
₹10 per pen
AVAILABLE IN 10 COLOURS
LINC PEN & PLASTICS LIMITED | 3, ALIPORE ROAD, KOLKATA - 700 027 | +91 98365 62100 | customercare@lincpen.com


HYUNDAI
TOPLINK HYUNDAI
TOPLINK MOTORCAR
NH-6, Nibra Haroon Market,
P.S Domjur, Howrah - 711409(W.B)
Phone : 9693131123 E-mail :toplink.hyundaimotor.in
SANTRO
ELITE i20
VENUE
THE SINGHANIA GROUP
connect with us. connect with happiness.
trade friends CRACKERS पटाखे ही पटाखे
torrent BAJAJ RANCHI (MAIN ROAD • HARMU ROAD)
TITANIUM MOTORRAD ORMANJHI BMW MOTORCYCLE
Titanium Honda HAZARIBAGH
चन्दामामा सुगंधित गुलाल
JCB
TRADEWINGS EARTHMOVERS
HYUNDAI
TOPLINK HYUNDAI HOWRAH
TITAN MOTOCORP RANCHI • HAZARIBAGH • DALTONGANJ
SINGHANIA FUTURE Pvt. Ltd.
RANCHI • JAMSHEDPUR • DHANBAD
TITANIUM AUTOS JHARKHAND • BIHAR
Mahindra
Titania Motocorp Pvt. Ltd. RANCHI

*With Best Compliments From:*




# ROAD CARGO MOVERS PVT. LTD.

Head Office : 3, Gibson Lane, 2nd Floor
Suite-211, Kolkata-700 069

Phone : 2210-3480, 2210-3485

Fax : 2231-9221

E-mail: roadcargo@vsnl.net

***Branches & Associates:***

**GUWAHATI, SILIGURI, DURGAPUR, HALDIA, KHARAGPUR,**

**BALASORE, BHUBNESWAR, CUTTUCK, ICCAPURAM, VISHAKAPATNAM,**

**VIJAYWADA, HYDERABAD, CHENNAI, BANGALORE, COCHIN, GAZIABAD (U.P. BORDER), INDORE**

# समाज विकास

◆ जनवरी २०२० ◆ वर्ष ७१ ◆ अंक ०१
◆ एक प्रति - ₹१० ◆ वार्षिक - ₹१००


## अनुक्रमणिका


| शीर्षक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| ● **शुभकामनाएँ / चिट्ठी आई है** | ५-६ |
| ● **सम्पादकीय : शिव कुमार लोहिया**<br>वे आये, उन्होंने वक्तव्य दिया, उन्होंने दिल जीत लिया | ७ |
| ● **अध्यक्षीय : सन्तोष सराफ**<br>चतुर्दिक बढ़ते सम्मेलन के कदम | ९ |
| ● **रपट –** | |
| सम्मेलन का ८५वां स्थापना दिवस समारोह | ११-१४ |
| दिल्ली सम्मेलन का प्रादेशिक अधिवेशन | १५-१६ |
| तमिलनाडु सम्मेलन का पदारोहण समारोह | १७-१८ |
| ● **प्रांतीय समाचार** : झारखंड | २१ |
| ● **रपट –**<br>सम्मेलन का राजस्थानी भाषा-साहित्य सम्मान | २२-२३ |
| ● **प्रांतीय समाचार** : पूर्वोत्तर / बिहार | २४,२७ |
| ● राजिया रे सोरठे | २९ |
| ● देव स्तुति | ३५ |
| ● सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत | ३६-४० |



**स्वत्वाधिकारी**

**अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन**
**All India Marwari Federation**

**प्रशासनिक एवं सम्पर्क कार्यालय** : **४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - ७०००१७**
**फोन : ०३३-४००४ ४०८९**

पंजीकृत कार्यालय : १५२बी (द्वितीय तल), महात्मा गांधी रोड कोलकाता - ७००००७

◆ email: aimf1935@gmail.com
◆ Website : www.marwarisammelan.com

स्वत्वाधिकारी ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन के लिये **श्री भानीराम सुरेका** द्वारा ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन, ४बी, डकबैक हाउस (४ तल्ला), कोलकाता-१७ से प्रकाशित तथा सी.डी.सी. प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित।

**◆ प्रेरक संपादक : सीताराम शर्मा ◆ सम्पादक : शिव कुमार लोहिया**

प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।


## शुभकामनाएँ

राज्यपाल, पश्चिम बंगाल
Governor of West Bengal



१८ दिसम्बर, २०१९
कोलकाता

**संदेश**

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई है कि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन, कोलकाता द्वारा **८५वीं स्थापना दिवस समारोह** का आयोजन किया जा रहा है तथा इस अवसर पर एक पठनीय एवं संग्रहनीय विशेषांक का प्रकाशन भी किया जायेगा। आशा करता हूँ कि यह संस्था भविष्य में भी समाज-सुधार, राष्ट्रीय एकता एवं प्रगति हेतु प्रयासरत रहेगी।

मैं उक्त समारोह के सफल आयोजन एवं स्मारिका के सफल प्रकाशन के लिए अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

शुभाकांक्षी,

(जगदीप धनखड़)

---



**मुख्य मंत्री**
राजस्थान

मु.मं./संदेश/[illegible]/2019
जयपुर 24 दिसम्बर 2019

**संदेश**

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि अखिल भारतवर्षीय मारवाडी सम्मेलन, कोलकाता के 85वें स्थापना दिवस समारोह का 25 दिसम्बर, 2019 को आयोजन एवं इस अवसर पर 'समाज विकास' पत्रिका के विशेषांक का प्रकाशन किया जा रहा है।

प्रवासी राजस्थानी जहां भी गए हैं वहां उन्होंने अपने व्यावसायिक कौशल के साथ राजस्थान की समृद्ध संस्कृति एवं विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। यह शुभ है कि सम्मेलन की देश के विभिन्न प्रदेशों में स्थित शाखाएं वहां के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास में सहयोग कर रही है।

आशा है इस अधिवेशन का "म्हारो लक्ष्य राष्ट्र री प्रगति" ध्येय वाक्य सम्मेलन के राष्ट्रीय सोच के संकल्प को परिलक्षित करने के साथ सम्मेलन की सेवाओं को और अधिक व्यापक बनाने में सहायक होगा।

मैं स्थापना दिवस पर मारवाडी सम्मेलन के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और सहयोगियों को बधाई देते हुए इस समारोह की सफलता के लिए शुभ कामनाएं देता हूं।

(अशोक गहलोत)

श्री संतोष सराफ,
राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतवर्षीय मारवाडी सम्मेलन,
152बी, (दूसरा तला),
महात्मा गांधी रोड,
कोलकाता–700 007 (पश्चिम बंगाल)

## शुभकामनाएँ

थावरचन्द गेहलोत
THAAWARCHAND GEHLOT
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF
SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

कार्यालय : 202, सी विंग, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली–110115
Office : 202, 'C' Wing, Shastri Bhawan,
New Delhi-110115
Tel. : 011-23381001, 23381390, Fax : 011-23381902
E-mail : min-sje@nic.in
दूरभाष : 011-23381001, 23381390, फैक्स : 011-23381902
ई-मेल : min-sje@nic.in

**संदेश**

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि अखिल भारतवर्षीय मारवाडी सम्मेलन अपना 85वाँ स्थापना दिवस समारोह का आयोजन तथा इस अवसर पर एक विशेषांक का प्रकाशन भी कर रहा है ।

अखिल भारतवर्षीय मारवाडी सम्मेलन द्वारा समाज सुधार समरसता, राजनैतिक चेतना एवं राष्ट्रीयएकता के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं ।

मैं, विशेषांक के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ ।

13.12.17
(थावरचन्द गेहलोत)

**श्री सन्तोष सराफ,**
राष्ट्रीय अध्यक्ष,
अखिल भारतवर्षीय मारवाडी सम्मेलन,
4बी, डकबैक हाउस, चौथा तल,
41, शक्सपीयर सरणी, कोलकाता-17


**अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन**
4बी, डकबैक हाउस (चौथा तल्ला)
41, शेक्सपियर सारणी, कोलकाता-700 017

**समाज से सादर निवेदन**

**वैवाहिक अवसर पर मद्यपान करना - कराना धार्मिक एवं सामाजिक दोनों रूप से उचित नहीं है।**

**प्री-वेडिंग शूट हमारी सभ्यता एवं संस्कृति के खिलाफ है।**

**समाजहित में इनसे परहेज करें।**

**निमंत्रण में ई-कार्ड को बढ़ावा दें।**


## अनुवाद

# लघु कविताएँ



**मूल राजस्थानी : पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया**
**हिन्दी अनुवाद : बंशीधर तातेड़**

### १. छूट

मेरे परिसर में है
लाल, सफेद, पीले कन्नेर
एक जैसी मिट्टी और आकाश
पत्तों और डालियों में
कहाँ से आया
ये अलग-अलग रंग?
इनकी चेतना में
किसने दी ये छूट?
जिसने ये किया सत्य
अपनी दृष्टि के लिए अपूर्व!

### २. आस्था

दीपक
ना चढ़ते सूरज को देखता
और
ना ढलते को,
बीज
न उगते पेड़ को देखता
और
न फलते को
परन्तु
उनकी आस्था है
जलने में और फलने में!

### ३. चुगलखोर दीपक

कानों के कच्चे
सूर्य ने
कर दी
तारों के बाप
अँधेरे की हत्या,
परन्तु पराये सुख से दुःखी
चुगलखोर दीपक
कितनी देर जिया?

### ४. अंतर

मंजिल पर
पहुँचने से पहले
टूट गई कच्ची लहर
थोड़ी सी अनमनी हो कर
थोड़ी छलाँग लगाई
लपक कर पकड़ ली
नई लहर की अँगुली
देख कर आया जी में
अगर कदम थाम ले जिन्दगी
तो क्या अंतर
मौत में और उसमें?

### ५. दुःख

दुःख
सिंहणी का दूध
इसको चाहिये
सोने का बर्तन
तड़क जाता है कच्चा पिण्ड
ये पारा
जाता रहता है
लुढ़क-लुढ़क कर
आँसुओं में!

### ६. बड़ा डर

जंगल में घूमते सियार
आकाश में उड़ते सिकरे
रास्ते में रैंगते वासक नाग
परन्तु सबसे बड़ा डर भूख,
जो नहीं बैठने देता
भेड़ को बाड़े में
कबूतर को आले में
पैर को घर में!



# वे आये, उहोंने वक्तव्य दिया, उन्होंने दिल जीत लिया

सन् ४७ बी.सी. (B.C.) में जुलियस सीजर ने एक युद्ध में बहुत जल्द ही विजय हासिल कर ली। तत्पश्चात, रोम के सीनेट को उन्होंने एक पत्र लिखकर सूचित किया – "मैं आया, मैंने देखा, मैंने विजय प्राप्त कर ली (I came, I saw, I conquered)"। यह वाक्य एक मुहावरा का रूप ले चुका है एवं अक्सर प्रयोग में लाया जाता है। स्थापना दिवस के अवसर पर लोकसभाध्यक्ष श्री ओम बिरला के आगमन एवं उनका वक्तव्य सुनकर इस वाकये पर इस मुहावरे का प्रयोग करना सर्वथा उचित लगता है। ये शब्द ही मेरी भावनाओं को व्यक्त करने में सक्षम है।

श्री ओम बिरला का जीवन समाज के प्रति समर्पण एवं उपलब्धियों से भरा है। सन् २००३ से तीन बार वे राजस्थान विधानसभा के विधायक के रूप में निर्वाचित हुए। राजनीति में रहते हुए भी जनसेवा के क्षेत्र में लगातार वे अपने को नियुक्त करते आ रहे हैं। हम ये कह सकते हैं कि वे सदैव जमीन से जुड़े हुए व्यक्ति के रूप में माने जाते हैं। यह विशेषताएँ उन्हें अन्य राजनीतिज्ञों से विशिष्ट बनाती है। लोकसभा में वे राजस्थान के कोटा शहर का प्रतिनिधित्व करते हैं। कोटा के विकास में भी श्री ओम बिरला का उल्लेखनीय योगदान रहा है। उनके जनसेवा में योगदान की स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रशंसा की है। मधुर मुस्कान उनके मुखमंडल को सदैव शोभायमान करती है। इतने महत्वपूर्ण पद पर आसीन समाज के एक विरल व्यक्तित्व का सम्मेलन के स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित होना पूरे समाज के लिये गौरव एवं हर्ष का विषय है। उन्होंने अपने अतीत एवं वर्तमान के गरिमामय कार्यो से समाज की छवि को पूरे देश में और भी अधिक गौरवान्वित किया है। ऐसे व्यक्तित्व को राजस्थानी व्यक्तित्व सम्मान प्रदान कर सम्मेलन स्वयं गौरवान्वित हुआ है। इस समारोह में उनकी उपस्थिति उन्हें सीधे पूरे समाज से जोड़ती है। दूसरी ओर समाज को भी उनसे सीधे-सीधे सम्पर्क स्थापित करने का माध्यम मिला है। इस समारोह में अपने सुमधुर उपस्थिति एवं अपने हृदय से निकले उद्‌गार से उन्होंने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

मारवाड़ी समाज के विषय में उन्होंने कहा कि मारवाड़ी जहाँ भी गया वहाँ की मिट्टी में रच बस गया। मूलक्षेत्र को छोड़कर अपने संघर्ष से अलग पहचान बनाई, साथ ही मानव सेवा भी जारी रखा। राष्ट्र निर्माण में, समाज सेवा में मारवाड़ी समाज की भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने कहा – मारवाड़ी समाज का एक संस्कार रहा है। देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के साथ ही देश के स्वाधीनता आंदोलन में जेल भी गए। मेहनत, ईमानदारी, निष्ठा के आधार पर मारवाड़ी समाज ने साख जमाई। उन्होंने युवा पीढ़ी को समाज के संस्कारों का अनुसरण करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि धन से व्यक्ति बड़ा नहीं होता। प्यासे को पानी, भूखे को रोटी, युवाओं को रोजगार और जरूरतमंदो की चिकित्सा ही लक्ष्य होना चाहिए। मारवाड़ी समाज ने कभी भी जाति-धर्म के आधार पर समाज सेवा नहीं की। यह कार्य उन्होंने बिना किसी भेदभाव के अंजाम दिया है। दुनिया के हर कोने में मारवाड़ी समाज की साख कायम है जो कि पूर्वजों के समय से चली आ रही है।

सम्मेलन के विभिन्न कार्यक्रमों का उन्होंने उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी सम्मेलन काफी सराहनीय कार्य कर रहा है। सम्मेलन के समाज सेवा के कार्यों से प्रसन्न होकर पुरस्कार राशि सम्मेलन को वापस भेंट कर दी। सभा के पश्चात उनसे कुछ क्षण वार्तालाप करने का मुझे सुअवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान उनके सरलता, सहजता का मैं कायल हो गया। समाज का एक संरक्षक एवं सशक्त प्रतिनिधि दिल्ली में इतने गुरुतर दायित्व का निर्वहन कर रहा है, यह सोचकर आश्वस्ति बोध होता है। बाद में ट्वीट में उन्होंने लिखा **"कोलकाता के कलामंदिर सभागार में आयोजित अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के ८५वें स्थापना दिवस में सम्मिलित हुआ। संस्था द्वारा समाज के सभी क्षेत्रों में आत्मचिंतन को प्रबुद्ध और जागृत करने के साथ-साथ सेवा के लिए किये जा रहे कार्य अभिनंदनीय हैं।"** एक अन्य ट्वीट में उन्होंने लिखा – **"१९३५ में स्थापना के बाद से यह सम्मेलन अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और मूल्यों का निर्वहन करते हुए सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय के ध्येय को लेकर आगे बढ़ रहा है। इस पुनीत कार्य से जुड़े संस्था के सभी लोगों को मेरी शुभकामनाएँ।"** इन शब्दों में निहित भावनाओं को समझने की जरूरत है। हम आशा करते हैं कि यह एक शुरूआत मात्र है।

**शिव कुमार लोहिया**



IISD Edu World

Be a Leader...

SREI Foundation

*"Educate Morally & Technically"* — Swami Vivekananda

Swami Vivekananda SREI Merit Scholarship upto 100%   Quality Education at most affordable fees

## Hospitality

### Hospitality Management & Culinary Arts

Newly Introduced



BTED – HND in Hospitality Management

awarded by EDEXCEL, UK (A Pearson Global Education Undertaking)

## Language School

- Functional English
- Spanish
- Russian
- Chinese
- French
- Hindi
- SANSKRIT
- Spoken English
- Italian
- German
- Persian
- Bahasa (Indonesia)
- Bengali

## *Assistance for placement*

- Complementary Spoken English
- Online Application Facility
- Regular/Weekend Classes
- AC Classrooms
- P G Accommodation

### Centre for Administrative Services / WBCS

Course Director: Dr.Bikram Sarkar (IAS retd.)

- Indian Administrative Service (IAS) and Allied Services Examinations (Prelim and Main)
- WBCS (Executive) and Judicial Services Examinations (Prelim and Main)

## Health Care

Preparatory course for Joint Entrance of MD/MS, DNB and MRCP (Part-I) Medicine

"Family Medicine Certificate Course (First Aid)

## Business School

- AIMA recognized PGDM (2Yrs.)
- Tally ERP 9+GST
- Company Secretaryship
- Chartered Accountancy (CPT, IPCC & Final)
- Entrepreneurship Development
- Diploma in Banking and Finance

## Skills

- Web Technology
- Certificate course on Theology
- Soft Skills
- Vocational & Technical Training
- Montessori Teacher Training (1 Year Diploma)
- Certificate Course on Computer Applications
- School Guide
- Bachelor Guide

# IISD EDU World

IB-200/1, Sector-III, Salt Lake, Kolkata - 700 106
Ph : 2335 2378/2861, Fax : 2335 2379
E-Mail : info@iisdedu.in ● Website : www.iisdedu.in

18, Ballygunge Circular Road, Kolkata-700019
Website : www.iisdeduworld.com
Email : iisdedu@gmail.com
Ph : 46001626 / 27

अध्यक्षीय

# चतुर्दिक बढ़ते सम्मेलन के कदम



**– सन्तोष सराफ**

गत स्थापना दिवस के अवसर पर अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का कोलकाता के जी.डी. बिड़ला सभागार में समारोह आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में शिरकत करने खासकर के दिल्ली से लोकसभा के अध्यक्ष श्री ओम बिरला पधारे। सांसद श्री सुदीप बंद्योपाध्याय, सांसद श्रीमती लॉकेट चटर्जी, सांसद श्री महेश पोद्दार एवं समाजसेवी-उद्योगपति श्री महावीर अग्रवाल की भी समारोह में विशिष्ट उपस्थिति रही। राष्ट्रीय उपाध्यक्षों, अनेक प्रांतीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस गरिमामय आयोजन से सम्मेलन के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा। इस आयोजन में सम्मेलन के सभी पदाधिकारियों एवं अनेक सदस्यों की भागीदारी रही है। मैं सम्मेलन की ओर से एवं व्यक्तिगत रूप से उन्हें बधाई देता हूँ।

हम सभी जानते हैं कि सम्मेलन प्रांतो में बसता है। मुझे इस बात का अत्यंत हर्ष है कि विभिन्न प्रांतो में सम्मेलन की गतिविधियाँ और भी अधिक गति पकड़ रही हैं। हाल ही में मुझे तमिलनाडु, उत्कल एवं दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के आमंत्रण पर चेन्नई, सम्बलपुर एवं दिल्ली जाने का अवसर मिला। तमिलनाडु प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का शपथ ग्रहण समारोह गत २२ दिसम्बर २०१९ को चेन्नई में सम्पन्न हुआ। प्रांतीय अध्यक्ष श्री अशोक कुमार मूँधड़ा के नेतृत्व में प्रांतीय सम्मेलन फिर से सक्रिय हुआ है। चेन्नई में दौरे के दौरान मुझे बताया गया कि समाज द्वारा एक विद्यालय संचालित हो रहा है जिसमें १० हजार बच्चे शिक्षा का लाभ ले रहे हैं। इनमें से समाज के सिर्फ १ हजार ही बच्चे हैं। यह एक प्रशंसनीय प्रकल्प है। मैं तमिलनाडु के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

मेरे अगले कार्यक्रम के तहत मैं उत्कल प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के आमंत्रण पर सम्बलपुर गया। प्रांतीय अध्यक्ष श्री अशोक जालान के नेतृत्व में प्रांतीय सम्मेलन गतिशील है। प्रांतीय सम्मेलन का अपना कार्यालय है जिसमें पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण नियमित रूप से बैठक करते हैं। उत्कल प्रांत के सभी पदाधिकारीगण बधाई के पात्र हैं!

०५ जनवरी २०२० को दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रादेशिक अधिवेशन में मैंने भाग लिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया ने पदभारग्रहण किया। निवर्तमान अध्यक्ष श्री राजकुमार मिश्रा ने अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। इसके लिये वे बधाई के पात्र हैं! उल्लेखनीय है कि अधिवेशन में प्रादेशिक पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपना भवन निर्माण का संकल्प लिया। साथ-साथ सदस्यों की संख्या १००० तक करने का लक्ष्य लिया है। तमिलनाडु एवं दिल्ली प्रांतीय दौरे में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका का सहयोग मिला, जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूँ। सभी जगह मुझे सदस्यों में उत्साह एवं कर्मठता देखने को मिली।

हाल ही में गोपेश्वर (उत्तराखंड) में स्थित एक विद्यालय भवन का उद्‌घाटन सम्पन्न हुआ। इस भवन का निर्माण सम्मेलन द्वारा प्रदत्त राशि (५५ लाख) से संभव हुआ। इस प्रकार वर्षों पहले का हमारा संकल्प पूरा हुआ जिसमें हमें उत्तराखंड के जनप्रिय मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत का अमूल्य मार्गदर्शन, उत्तराखंड सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष श्री रंजीत जालान एवं सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्री शिव कुमार लोहिया का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ, आभार!

११ जनवरी को हिन्दुस्तान क्लब में आयोजित कार्यक्रम में श्री डूँगरगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. चेतन स्वामी को सीताराम रूँगटा राजस्थानी भाषा-साहित्य सम्मान एवं नागौर के श्री पवन पहाड़िया को केदारनाथ-भागीरथीदेवी कानोड़िया राजस्थानी भाषा बाल-साहित्य सम्मान प्रदान किया गया।

श्री महेश जालान बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के एवं श्री ओम प्रकाश अग्रवाल झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। मैं इन्हें अपनी बधाई प्रेषित करता हूँ! मुझे विश्वास है इनके नेतृत्व में प्रांतीय सम्मेलन नई ऊँचाईयाँ प्राप्त करेगा।

सभी सदस्यों को आंग्ल नव वर्ष की शुभकामनाएँ!

जय समाज, जय राष्ट्र!

# MARWARI SAMMELAN FOUNDATION

(A Trust of All India Marwari Federation)

# उच्च शिक्षा कोष

**समाज के बच्चों को शिक्षित कर परिवार को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल**

देश के विभिन्न भागों के सैंकड़ों छात्र-छात्राओं को दो करोड़ पैंतीस लाख रुपयों का दिया जा चुका है अनुदान

वित्तीय वर्ष (२०१८-१९) में ५२ लाख रुपयों से अधिक का आवंटन



"Education is a fundamental human right and essential for excercise of all other human rights."



उदारहृदय समाजबंधुओं का मिल रहा है तहेदिल से साथ

आप भी बढ़ाएँ सहयोग का हाथ
समाज के सर्वांगीण विकास में बनें भागीदार !

## छात्र/छात्राएँ नि:शुल्क छात्रवृत्ति के लिये सम्पर्क करें

इंजीनियरिंग, टेक्निकल, चिकित्सा, मैनेजमेंट आदि क्षेत्रों में स्नातकोत्तर/उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति हेतु समाज के मेधावी एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित हैं।

पात्रता : (क) १७ और २५ वर्षों के बीच के उम्र के मेधावी छात्र-छात्राएँ जिनका शैक्षिक परीक्षाओं में प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा हो और जिन्हें केवल अपनी योग्यता के बल पर किसी मान्यताप्राप्त शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश मिल रहा हो।

(ख) जिन आवेदकों के माता-पिता की वार्षिक आय तीन लाख रुपयों से कम होगी, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

प्रक्रिया : (क) पूर्व शैक्षिक प्रमाणपत्रों, प्रवेश के प्रमाण, माता-पिता के आय प्रमाणपत्र एवं पासपोर्ट साइज चित्रों के साथ, मारवाड़ी सम्मेलन की किसी शाखा/सम्बद्ध संस्था से अनुमोदित आवेदन प्रस्तुत करने हैं।

(ख) एक छात्र-छात्रा को वर्ष में अधिकतम दो लाख रुपयों की राशि अनुदानस्वरूप दी जा सकती है।

(ग) प्रतिवर्ष कुछ छात्रवृत्तियाँ छात्राओं के लिए सुरक्षित हैं।

आवेदन करें : ***चेयरमैन, उच्च शिक्षा उपसमिति, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन***
४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपियर सरणी, कोलकाता-१७, फोन : (०३३) ४००४४०८९, ईमेल : aimf1935@gmail.com

# अद्‍भुत साहस और हौसले से मारवाड़ियों ने पूरी दुनिया में बनाया अपना विशिष्ट स्थान : लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला

**"मारवाड़ी समाज अपने मूल स्थान को छोड़कर साहसिक लेकिन जोखिमपूर्ण निर्णय के साथ देश को, समाज को व्यापार से सहयोग देने का प्रयास करता है। कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए न केवल बड़े शहरों अपितु गाँव-गाँव तक पहुँचे तथा अपनी ईमानदारी, कर्त्तव्यपरायणता, परिश्रम, अद्‍भुत साहस एवं हौसले से देश एवं विदेशों में भी अपना विशिष्ट स्थान बनाया।"** ये उद्‍गार हैं भारत के लोकसभाध्यक्ष **श्री ओम बिरला** के जो उन्होंने अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के ८५वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किए। समारोह बालीगंज, कोलकाता स्थित जी.डी. बिड़ला सभागार में गत २५ दिसम्बर २०१९ को आयोजित किया गया।

माननीय लोकसभाध्यक्ष ने स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मेलन से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे देश ने विभिन्न संस्कृतियों-परम्पराओं एवं अपनी जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से विशेष पहचान बनाई है। मारवाड़ी सम्मेलन ने भी इसी पद्धति का अनुसरण किया है एवं समाज को अतुलनीय सहयोग प्रदान किया है। श्री बिरला ने कहा कि देश के अलग-अलग भागों में प्रवासी मारवाड़ियों को संगठित कर उनकी ऊर्जा को सम्मेलन ने राष्ट्र-निर्माण, समाजसेवा, जनकल्याण एवं कुरीतियों के निदान की ओर प्रेरित किया है जो प्रशंसनीय-अनुकरणीय है।

श्री बिरला ने स्वतंत्रता-संग्राम में मारवाड़ियों की सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक अवदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले और बाद में उद्योग-व्यापार स्थापित कर आर्थिक मजबूती और राष्ट्रनिर्माण में इस समाज के अतुल्य योगदान हैं। रोजगार के नये अवसरों का सृजन करते हुए, इन्होंने मानवसेवा के माध्यम से समाजसेवा का कार्य किया है। मारवाड़ी अपने मूल पैतृक स्थान और कर्मस्थान दोनों जगहों पर कल्याणकारी कार्य करता है - देश एवं विदेशों में भी अनेकानेक विद्यालय, महाविद्यालय, धर्मशाले एवं अस्पताल इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। **जाति एवं धर्म की चिंता किए बगैर अपने कमाए धन से मानवमात्र के कल्याण हेतु सोचना और कार्य करना — ये हमारे संस्कार हैं और इन्हीं के कारण हमारी साख एवं प्रतिष्ठा है, अनिवार्य है कि ये संस्कार पीढ़ी दर पीढ़ी बनाये रखे जायें। श्री बिरला ने कहा कि बदलते समय के साथ सामंजस्य बनाए रखते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति का कल्याण हमारा लक्ष्य होना चाहिए।**

समारोह के विशिष्ट अतिथि **सांसद श्री सुदीप बंद्योपाध्याय** ने अपने संबोधन में कहा कि **अपने मूल स्थान राजस्थान-**



*श्री ओम बिरला का स्वागत श्री संतोष सराफ द्वारा*



*श्री सुदीप बंद्योपाध्याय का स्वागत श्री गोवर्धन गाड़ोदिया द्वारा*



*श्रीमती लॉकेट चटर्जी का स्वागत श्रीमती प्रभा सराफ द्वारा*



*श्री महेश पोद्दार का स्वागत श्री पवन गोयनका द्वारा*



*श्री महावीर अग्रवाल का स्वागत श्री मधुसूदन सीकरिया द्वारा*




*समारोह में मंचस्थ (बायें से) सर्वश्री श्रीगोपाल झुनझुनवाला, महावीर अग्रवाल, सांसद महेश पोद्दार, सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय, संतोष सराफ, लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला, सीताराम शर्मा, सांसद लॉकेट चटर्जी, विवेक गुप्त एवं धीरज श्रीवास्तव।*

**हरियाणा के बाद सबसे अधिक मारवाड़ी पश्चिम बंग में निवास करते हैं और पश्चिम बंग को इन्होंने अपना दूसरा घर बना लिया है।** उन्होंने कहा कि मारवाड़ी परिश्रमी एवं वाणिज्यकुशल होने के साथ-साथ अत्यंत शांतिपूर्ण भी हैं और ये विशिष्ट गुण उनकी सफलता के मूल में है।

श्री बंद्योपाध्याय ने लोकसभाध्यक्ष श्री ओम बिरला के विषय में बोलते हुए कहा कि अपनी हँसी से इन्होंने संसद पर कब्जा कर रखा है और इसी के बल बिना स्थगन (ऐडजॉर्नमेंट) के लोकसभा की कार्यवाही चलाते हैं। **लोकसभाध्यक्ष द्वारा निष्पक्ष भाव और मर्यादापूर्ण ढंग से सदन के संचालन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हम भी विरोधी दल के नेता के रूप में उनकी गरिमा का पूरा सम्मान करेंगे और समर्थन देंगे।**

## मुख्यमंत्री सुश्री ममता बंद्योपाध्याय की ओर से श्री बिरला का सम्मान



श्री सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि सम्मेलन का स्थापना दिवस होने के साथ-साथ आज क्रिसमस का पवित्र दिन भी है और वे पश्चिम बंग की **मुख्यमंत्री सुश्री ममता बंद्योपाध्याय** की ओर से लोकसभाध्यक्ष को भेंट देंगे। उन्होंने सम्मानपूर्वक श्री बिरला को शॉल भेंट किया और केक खिलाया।

समारोह के प्रमुख वक्ता एवं सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री सीताराम शर्मा** ने अपने संबोधन में सम्मेलन की पृष्ठभूमि, इतिहास, उद्देश्यों एवं कार्यक्रमों पर संक्षेप में प्रकाश डाला।

माननीय लोकसभाध्यक्ष के विषय में बोलते हुए उन्होंने कहा कि **लोकसभा संचालन में निष्पक्ष होना और दिखना दोनों जरूरी है।** श्री शर्मा ने कहा कि लोकसभाध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के प्रारम्भ में ही **श्री बिरला का यह बयान कि 'संख्या बल न देखकर सभी को मान दूँगा', अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है।** उन्होंने कहा कि सम्मेलन का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जाकर समाज की समस्याओं के संदर्भ में लोकसभाध्यक्ष से मिले और वे इनके निदान में अपना आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्रदान कर सहयोग करें तो यह समाजहित में होगा। **माननीय लोकसभाध्यक्ष ने तत्काल सहर्ष सहमति जताई।**



*श्री सीताराम शर्मा*

समारोह के प्रारम्भ में लोकसभाध्यक्ष श्री ओम बिरला ने मंचस्थ अतिथियों एवं सम्मेलन के पदाधिकारियों के साथ विघ्नविनाशक श्री महागणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ, सम्मेलन की प्रथम महिला श्रीमती प्रभा सराफ, उपाध्यक्षगण श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया एवं श्री पवन कुमार गोयनका, पूर्वोत्तर सम्मेलन के अध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया, पश्चिम बंग सम्मेलन के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर अग्रवाल आदि ने मंचस्थ महानुभावों का स्वागत-अभिनन्दन किया।

अपने उद्बोधन में सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने सभी का स्वागत किया और **सम्मेलन के ८५वें स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसी भी सामाजिक संस्था के लिये ८४ वर्ष पूरे करना अपने आप में एक गौरव की बात है और यह इस बात का भी द्योतक है कि हमारे अग्रसोची, स्वनामधन्य पूर्वजों ने जिन पवित्र उद्देश्यों के साथ इस संस्था की स्थापना की थी, वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। हम उनके दिखलाये मार्ग पर सतत गतिशील रहने का संकल्प लेते हैं।**

# सम्मान समारोह

उपस्थित समाजबंधुओं के हर्षनाद एवं करतल ध्वनि के बीच **विश्व के सर्वाधिक लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाली सभा - भारत की लोकसभा के माननीय अध्यक्ष एवं जनप्रिय राजनेता श्री ओम बिरला को 'मारवाड़ी सम्मेलन राजस्थानी व्यक्तित्व सम्मान - २०१८'** से नवाजने की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। परम्परानुसार, श्री बिरला का संक्षिप्त परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री **श्री श्रीगोपाल झुनझुनवाला** ने प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ**, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों **श्री सीताराम शर्मा**, **डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया** एवं **श्री प्रह्लाद राय अगरवाला** तथा सम्मेलन की वित्तीय उपसमिति के चेयरमैन **श्री आत्माराम सोंथलिया** द्वारा पुष्पगुच्छ, हार, शॉल, मानपत्र एवं एक लाख रुपयों की सम्मान-राशि का चेक प्रदान किया गया। **श्री बिरला ने चेक यह कहते हुए लौटा दिया कि सम्मेलन इसका उपयोग समाजहित के कार्यों में करे।**

ज्ञातव्य है कि सम्मेलन एवं दिल्ली की समाजसेवी संस्था **रामनिवास आशारानी लाखोटिया ट्रस्ट** के संयुक्त तत्वावधान में २०१४ में स्थापित यह सम्मान सम्मेलन द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्र एवं समाज के सांस्कृतिक, सामाजिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, औद्योगिक एवं चारित्रिक विकास के क्षेत्र में अनूठे एवं महत्वपूर्ण योगदान के लिए राजस्थानी मूल के एक व्यक्ति को दिया जाता है। स्थापना वर्ष २०१४ में इस सम्मान से **प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय की कुलपति, सुख्यात वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद श्रीमती अनुराधा लोहिया** को, वर्ष २०१५ हेतु **भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री रमेशचंद्र लाहोटी** को, वर्ष २०१६ हेतु **समर्पित समाजसेवी पद्मविभूषण श्रीमती राजश्री बिड़ला** को एवं वर्ष २०१७ हेतु **उद्योगपति-समाजसेवी श्री अनिल अग्रवाल** (चेयरमैन, वेदान्ता ग्रुप) को सम्मानित किया गया था।







***श्री ओम बिरला को 'मारवाड़ी सम्मेलन राजस्थानी व्यक्तित्व सम्मान' प्रदान करते सम्मेलन के पदाधिकारीगण।***

श्री सराफ ने सम्मेलन की वर्तमान गतिविधियों के विषय में संक्षेप में बताया। सम्मेलन-शुभेच्छुओं की करतल ध्वनि के बीच उन्होंने बताया कि **जून २०१८ से प्रारम्भ हुए वर्तमान सत्र में सम्मेलन की सदस्यता में शत-प्रतिशत की वृद्धि हुई है।** सदस्यता-विस्तार में अग्रणी भूमिका के लिए उन्होंने बिहार, उत्कल, पूर्वोत्तर और पश्चिम बंग की प्रादेशिक शाखाओं का साधुवाद ज्ञापित किया। समाज सुधार के विषयों पर बोलते हुए श्री सराफ ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन एक निरंतर प्रक्रिया है, और इसके लिये हम प्रत्येक स्तर से प्रयासरत हैं। उन्होंने सभी उपस्थितों से सम्मेलन के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता का निवेदन किया।

समारोह के विशिष्ट अतिथि **सांसद श्री महेश पोद्दार** ने अपने सम्बोधन में कहा कि उन्हें इस समारोह में भाग लेकर एक विशेष अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि उनकी खुद की कहानी एक आम प्रवासी मारवाड़ी की तरह ही है - अभाववश राजस्थान से पलायन पर हार न मानने की मनोवृति और संघर्ष का साहस ही सम्बल। श्री पोद्दार ने कहा कि संघर्ष मारवाड़ियों के स्वभाव में, उनके डीएनए में है। उन्होंने ज्वलंत सामाजिक विषय 'साख' की भी चर्चा की और कहा कि यही हमारी पहचान है और इसे अक्षुण्ण रखने का हर संभव प्रयत्न होना चाहिए।

हुगली, पश्चिम बंग से लोकसभा **सांसद श्रीमती लॉकेट चटर्जी** ने भी समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनके लिए गौरव की बात है कि वे लोकसभाध्यक्ष के साथ मंच साझा कर रही हैं। श्रीमती चटर्जी ने कहा कि इस समारोह में भाग लेकर उन्हें बहुत प्रसन्नता है और वे आमंत्रण हेतु सम्मेलन की आभारी हैं।

समारोह के विशिष्ट अतिथि उद्योगपति-समाजसेवी **श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल** ने कहा कि अगली पीढ़ी की दशा एवं दिशा एक चिन्तनीय विषय है। उन्हें हमारे संस्कार-संस्कृति के विषय में सजग-शिक्षित करना चाहिए और उनके कर्त्तव्यों का भान कराना चाहिए।



*'समाज विकास' के सम्पादक श्री शिव कुमार लोहिया लोकसभाध्यक्ष श्री ओम बिरला एवं गणमान्य मंचस्थों से पत्रिका के विशेषांक का विमोचन करवाते हुए।*

समारोह में पधारे राजस्थान फाउंडेशन, जयपुर के आयुक्त **श्री धीरजकुमार श्रीवास्तव** ने सम्मेलन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि राजस्थानी समाज ने देश एवं विदेशों में भी अपना नाम एवं सम्मान अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थानी जहाँ कहीं भी गए हैं, वहाँ समरस हो गए हैं और उस स्थान की सर्वरूपेण प्रगति में उनका योगदान सर्वोपरि रहा है। इस बात पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कि राजस्थानी बाहर रहकर भी अपनी मिट्टी से जुड़े रहते हैं, श्री श्रीवास्तव ने प्रवासी समाज से राजस्थान की प्रगति में यथासम्भव योगदान का आह्वान किया।

समारोह में सम्मेलन के मासिक मुखपत्र 'समाज विकास' के सम्पादक एवं पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री **श्री शिव कुमार लोहिया** ने लोकसभाध्यक्ष श्री ओम बिरला एवं सम्मानित मंचस्थों के हाथों, स्थापना दिवस के अवसर पर प्रकाशित 'समाज विकास' के विशेषांक का लोकार्पण करवाया।

सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने बताया कि सम्मेलन की समाजहित की गतिविधियों को देखते हुए समारोह के विशिष्ट अतिथि **श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल** (मे. श्याम सेल एण्ड पावर लि., कोलकाता) एवं सम्मेलन के विशिष्ट संरक्षक सदस्य **श्री हरि चरण गुप्ता** (मे. दीपक स्टील एण्ड पावर लि., बरबिल, क्योंझार, ओडिशा) ने सम्मेलन के कार्यक्रमों में समर्थन हेतु आर्थिक अनुदान की घोषणा की है। श्री सराफ ने सम्मेलन की ओर से इनका हार्दिक आभार ज्ञापित किया।



*श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल*



*श्री हरि चरण गुप्ता*

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समारोह के स्वागताध्यक्ष एवं सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री विवेक गुप्त** ने कहा कि माननीय लोकसभाध्यक्ष श्री ओम बिरला, सम्मानित सांसदों एवं समारोह में पधारे विशिष्ट-जनों के प्रति सम्मेलन का आभार व्यक्त करने हेतु धन्यवाद शब्द पर्याप्त नहीं है। हमारे कृतज्ञता-भाव की कोई सीमा नहीं। अपने सारगर्भित वक्तव्य में श्री गुप्त ने उपस्थित समाजबन्धुओं से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आह्वान किया और कहा कि समाज के साथ-साथ अपने शरीर की सेवा भी आवश्यक है। समारोह का संचालन करते हुए सम्मेलन के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री संजय हरलालका** ने सम्मेलन के कार्यक्रमों, उद्देश्यों एवं पृष्ठभूमि से संबंधित विविध जानकारियों एवं सुरुचिपूर्ण उपाख्यानों से कार्यक्रम को सरस-रोचक बनाये रखा। राष्ट्रगान के साथ समारोह के इस सत्र का औपचारिक समापन हुआ।



*श्री विवेक गुप्त*



*श्री श्रीगोपाल झुनझुनवाला*



*श्री संजय हरलालका*

समारोह के दूसरे सत्र में कोलकाता के सुप्रसिद्ध शगुन इवेन्ट्स के बैनर तले, **श्री देव गोविन्द बिन्नानी** के निर्देशन में एक रंगारंग राजस्थानी नृत्य-संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। **पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया** रचित **'धरती धोरां री'** जैसी सार्वकालिक उत्कृष्ट रचनाओं के साथ कुशल नृत्य एवं संगीत प्रस्तुत कर कलाकारों ने शमां बाँध दिया। खचाखच भरा जी.डी बिड़ला सभागार उपस्थित समाजबंधुओं की करतल ध्वनि से गुंजायमान होता रहा।



*सांस्कृतिक प्रस्तुति का एक दृश्य।*



*दर्शक दीर्घा*

# संगठित होकर निकाल सकते हैं हर समस्या का हल : संतोष सराफ

## लक्ष्मीपत भूतोड़िया ने किया दिल्ली सम्मेलन अध्यक्ष का पदभारग्रहण।

**"मारवाड़ी समाज के विशिष्ट गुणों, सभ्यता-संस्कृति, परम्पराओं को अक्षुण्ण रखना सामाजिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। समयांतर में समाज की बदलती समस्याओं, नई पनपती कुरीतियों का भी हमें सामना करना है। इन सबके लिए जरूरी है कि हम संगठित हों और आपसी विचार-विमर्श एवं समन्वय से रणनीति स्थिर कर संगठित कदम उठायें।"** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रादेशिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए ये उद्‌गार व्यक्त किए। दिल्ली सम्मेलन का यह चौथा प्रादेशिक अधिवेशन था जो गत ०५ जनवरी २०२० को कीर्तिनगर, दिल्ली स्थित पालाजो बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया गया।



*दिल्ली सम्मेलन के पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ का सम्मान।*

**श्री सराफ ने कहा कि सम्मेलन प्रांतों में बसता है – जब शाखाएँ मजबूत होंगी, तभी प्रांत मजबूत होंगे और वैसे ही, जब प्रांत मजबूत होंगे, तभी केन्द्रीय सम्मेलन मजबूत होगा।** उन्होंने सक्रियतापूर्वक संगठन-विस्तार सहित सम्मेलन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने हेतु दिल्ली सम्मेलन की सराहना की और कहा कि प्रादेशिक अध्यक्षों **सर्वश्री पन्नालाल बैद, पवन गोयनका** एवं **राज कुमार मिश्रा** के नेतृत्व में इनकी टीमों ने अल्प समय में ही दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन.सी.आर.) में सम्मेलन को सुगठित और सुचारु रूप से स्थापित करने का प्रशंसनीय कार्य किया है। निर्वाचित अध्यक्ष **श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया** को बधाई देते हुए श्री सराफ ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि श्री भूतोड़िया के नेतृत्व में दिल्ली सम्मेलन प्रगति पथ पर अग्रसर रहेगा।

अधिवेशन के विशिष्ट अतिथि एवं सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा प्रभारी – दिल्ली सम्मेलन **श्री पवन कुमार गोयनका** ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में सम्मेलन की पृष्ठभूमि, इतिहास, उद्देश्यों एवं कार्यक्रमों के विषय में संक्षेप में बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन जिसके वे संस्थापक महामंत्री हैं और स्थापना काल से ही जिससे जुड़ कर सामाजिक कार्यों में लगे हुए हैं, उसको फलते-फूलते, परवान चढ़ते देख कर उन्हें बहुत प्रसन्नता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पवन गोयनका एवं प्रादेशिक पदाधिकारियों के साथ दीप-प्रज्वलित कर अधिवेशन का शुभारम्भ किया। दिल्ली के सुप्रसिद्ध म्यूजिक पैशन ग्रुप के लोकप्रिय गायकों **सुश्री नूपुर गौतम** एवं **श्री रवि जोशी** द्वारा एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई, जिसे उपस्थितों ने बहुत सराहा।

अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए प्रादेशिक अध्यक्ष **श्री राज कुमार मिश्रा** ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाजहित में कुछ भी अच्छा कार्य करने हेतु दृढ़ इच्छाशक्ति आवश्यक है। प्रादेशिक सम्मेलन की गतिविधियों के विषय में बताते हुए उन्होंने कहा कि गत सत्र में दिल्ली सम्मेलन की सदस्यता में शत प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है साथ ही चार नयी शाखाएँ खोल कर शाखाओं की संख्या छः से दस कर ली गई है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सक्रिय सहयोग हेतु अपने साथी पदाधिकारियों, शाखाध्यक्षों, सदस्यों एवं समाजबंधुओं का आभार ज्ञापित किया।



*दिल्ली सम्मेलन के अध्यक्ष श्री राजकुमार मिश्रा का सम्मान।*

उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों हेतु अध्यक्षीय पुरस्कार भी प्रदान किए गए। **दक्षिण दिल्ली शाखा को सर्वश्रेष्ठ शाखा के रूप में सम्मानित किया गया।** प्रादेशिक महामंत्री एवं निर्वाचित प्रादेशिक अध्यक्ष श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया ने महामंत्री का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।



*दक्षिण दिल्ली शाखा का सम्मान।*



*श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया*

शपथविधि कार्यक्रम के अन्तर्गत **निर्विरोध निर्वाचित श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया ने दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में शपथ ली। दिल्ली सम्मेलन से सम्बद्ध नवगठित चार शाखाओं के अध्यक्षों – केन्द्रीय दिल्ली के श्री सज्जन शर्मा, गणगौर के श्री रमेश बजाज, द्वारका के श्री सुभाष जैन एवं ग्रेटर फरीदाबाद के श्री दिलीप कुमार बंका, ने भी अपनी कार्यकारिणी के साथ शपथ ग्रहण किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पवन गोयनका ने दिल्ली की प्रादेशिक कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलवायी।**



*श्री सज्जन शर्मा*



*श्री रमेश बजाज*



*श्री सुभाष जैन*



*श्री दिलीप बंका*



*दिल्ली सम्मेलन की कार्यकारिणी को शपथ दिलाते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका।*

श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया ने अपने अभिभाषण में दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचन हेतु सभी पदाधिकारियों/सदस्यों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सदस्यता-विस्तार सहित अन्य सभी कार्यक्रम सक्रियतापूर्वक चलाते हुए दिल्ली सम्मेलन हेतु अपने भवन/कार्यालय की व्यवस्था, शिक्षा कोष की स्थापना, पाँच नयी शाखाएँ खोलना आदि उनकी प्राथमिकताएँ होंगी।



*नये अध्यक्ष श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया का सम्मान।*

दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष **श्री पन्नालाल बैद** समारोह के स्वागताध्यक्ष थे। **श्री सुरेश पोद्दार** ने संयोजक एवं **श्री पवन कुमार मिश्रा** ने मंच संचालक की भूमिका अत्यंत सफलतापूर्वक एवं सुरुचिपूर्ण ढंग से निभाई। सर्वश्री बसंत पोद्दार, श्याम सुन्दर चमड़िया, सुन्दर लाल शर्मा, रामावतार किला, बीरेन्द्र बाजोरिया, विनोद किला, ओम प्रकाश अग्रवाल, विमल खण्डेलवाल, गोपाल सुथार, मन्नालाल बैद, सुश्री रूही आदि ने समारोह के आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाई।

---

**समाचार सार**

## पूर्वोत्तर में नागरिकता पंजी प्रकरण

# लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला से मिला सम्मेलन का प्रतिनिधिमंडल



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पवन गोयनका के नेतृत्व में, प्रांतीय अध्यक्ष श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया एवं महिला सदस्यों के साथ अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के एक प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभाध्यक्ष श्री ओम बिरला से गत १५ जनवरी २०२० को दिल्ली में मुलाकात कर पूर्वोत्तर, खास करके असम में रहने वाले मारवाड़ी समाज से सम्बंधित जानकारी एवं एक ज्ञापन दिया।

## तमिलनाडु सम्मेलन का पदारोहण समारोह

# आज संगठन है ताकत के मूल में : पंकज बंसल
# संस्कार-संस्कृति का संरक्षण जरूरी : संतोष सराफ

*अशोक मूँधड़ा ने किया*
*प्रादेशिक अध्यक्ष का पदभार ग्रहण*

*विजय गोयल, जगदीश शर्मा, विजय लोहिया*
*उपाध्यक्ष; अशोक केडिया महामंत्री होंगे*

***"कोई चीज स्थिर नहीं रहती, समय परिवर्तनशील है। हमें बदलते समय के साथ बदलते रहना होगा, समयानुसार परिस्थितियों का सामना करना होगा और इसके लिए आज के परिदृश्य में संगठन सबसे आवश्यक है – 'संघे शक्ति कलियुगे'।"*** ये उद्‍गार चेन्नै मेट्रो रेल लिमिटेड के चेयरमैन **श्री पंकज कुमार बंसल** ने गत २२ दिसम्बर २०१९ को आयोजित तमिलनाडु प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के पदारोहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किए। समारोह चेन्नै स्थित डी.जी. वैष्णव कॉलेज में आयोजित हुआ। श्री बंसल ने अपने वक्तव्य में संगठन की महता पर जोर दिया और कहा कि संगठन में बहुत ताकत होती है। उन्होंने प्रवासी मारवाड़ियों द्वारा चेन्नै एवं तमिलनाडु में किए जा रहे समाजहित के कार्यों की भी प्रशंसा की।



*सर्वश्री संतोष सराफ, पवन गोयनका एवं प्रादेशिक पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि श्री पंकज कुमार बंसल का सम्मान।*

सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने अपने उद्‍बोधन में कहा कि वर्तमान में अपनी सभ्यता-संस्कृति का ह्रास एक चिन्तनीय विषय है। उन्होंने भावी पीढ़ी को अपने संस्कारों एवं परम्पराओं का ज्ञान कराने एवं इनके प्रति सजग-सचेत रहने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री सराफ ने कहा कि **समयान्तर में समाज के समक्ष समस्याएँ बदली हैं और इन पर नियंत्रण हेतु समाज के हर तबकों, विशेषकर महिलाओं और युवा पीढ़ी, को साथ लेकर काम करने की जरूरत है।**

समारोह को सम्बोधित करते हुए सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं तमिलनाडु के प्रभारी **श्री पवन कुमार गोयनका** ने सम्मेलन की पृष्ठभूमि, इतिहास, उद्देश्यों एवं कार्यक्रमों के विषय में संक्षेप में बताया।

समारोह में **श्री अशोक कुमार मूँधड़ा** ने तमिलनाडु प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष का पदभारग्रहण किया। **सर्वश्री विजय गोयल, जगदीश शर्मा** एवं **विजय लोहिया** उपाध्यक्ष, **श्री अशोक केडिया** महामंत्री, **श्री अमित माहेश्वरी** संयुक्त सचिव, **श्री मुरारीलाल सोंथालिया** कोषाध्यक्ष एवं **श्री मोहनलाल बजाज** संयुक्त कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए। इनके अतिरिक्त सर्वश्री अजय नाहर, अनुराग माहेश्वरी, अशोक लाखोटिया, गोपाल अग्रवाल, हितेश कानोड़िया, के.के. नथानी, कैलाशमल दुगड़, रामावतार रुँगटा, संजीव अग्रवाल एवं प्रदीप तुलस्यान प्रादेशिक कार्यकारिणी के सदस्य मनोनीत किए गए।




*मुख्य अतिथि श्री पंकज बंसल, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पवन गोयनका एवं प्रादेशिक अध्यक्ष श्री अशोक कुमार मूँधड़ा के साथ मनोनीत पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यगण।*

समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रादेशिक अध्यक्ष **श्री अशोक कुमार मूँधड़ा** ने कहा कि हम अपनी भाषा और संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, इन्हें बचाने की जरूरत महसूस होने लगी है। सांस्कृतिक विरासत को बचाना हमारी जिम्मेदारी बनती है। हमें संगठित होकर इसके लिए प्रयास करना है जो समूचे देश में सम्मेलन के माध्यम से किया जा रहा है।

**समारोह में समाज सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों हेतु सर्वश्री शांतिलाल एस. जैन, एस.आर. दमानी, गोपाल अग्रवाल, कैलाशमल दुगड़, आर.एस. फ्लोर एवं रमेश गुप्त नीरद का सम्मेलन द्वारा सम्मान किया गया।**


*श्री शांतिलाल जैन*


*श्री एस.आर. दमानी*


*श्री गोपाल अग्रवाल*


*श्री कैलाशमल दुगड़*


*श्री आर.एस. फ्लोर*


*श्री रमेश गुप्त नीरद*

**समाचार सार**

## बुजुर्गों का सम्मान : एक आदर्श आयोजन

अलीपुर, कोलकाता निवासी **श्री अरुण चूड़ीवाल** एवं धर्मपत्नी **श्रीमती सुधा चूड़ीवाल** की जीवन-यात्रा के सात दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में गत २१-२२ दिसम्बर २०१९ को उनके परिवारजनों द्वारा 'कनकोत्सव समारोह' का आयोजन किया गया।

सम्मेलन की वित्तीय उपसमिति के चेयरमैन **श्री आत्माराम सोंथलिया**, जिन्होंने समारोह में भाग लिया, ने बताया कि समारोह अत्यंत सादगी के साथ आयोजित किया गया और मद्यपान आदि जैसी किसी भी कुरीति का लवलेश भी नहीं था। इस आयोजन में किसी तड़क-भड़क के कार्यक्रम के बजाय राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो समाजबंधुओं द्वारा बहुत सराहा गया। यह चूड़ीवाल परिवार का अपने संस्कारों और मातृभाषा के प्रति समर्पण का परिचायक है और बच्चों द्वारा अपने बुजुर्गों के सुसंस्कृत सम्मान का एक अनुकरणीय उदाहरण।



**अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन चूड़ीवाल परिवार को इस आदर्श आयोजन हेतु साधुवाद देते हुए श्रीमती सुधा एवं श्री अरुण चूड़ीवाल के सुदीर्घ स्वस्थ, सम्पन्न, सक्रिय जीवन की मंगलकामना करता है!**

## फिक्की के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव में ललित गांधी विजयी



*फिक्की की अध्यक्षा एवं अपोलो हॉस्पिटल समूह की कार्यकारी संचालिका संगीता रेड्डी के साथ ललित गांधी।*

देश के उद्योग-व्यापार क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिखर संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री (फिक्की) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ललित गांधी लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुए हैं।

'फिक्की' की ९२वीं वार्षिक सभा के अवसर पर यह चुनाव संपन्न हुआ। इस अवसर पर पधारे केंद्रीय वाणिज्य एवं रेल मंत्री पियूष गोयल, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, प्रसिद्ध उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला, संगीता रेड्डी, पंकज पटेल, संदिप सोमानी के साथ देश भर के उद्योग जगत के शिखरस्थों ने ललित गांधी को चुनाव के लिए बधाइयाँ दी।

अपनी जीत पर ललित गांधी ने कहा कि 'फिक्की' जैसे संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी पद पर लगातार दूसरी बार काम करने का मौका मिलना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि फिक्की के माध्यम से श्रेणी २,३,४ के शहरों में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापार व उद्योग के विकास के लिए पहल करेंगे।



Diva®
from LA OPALA®

CLASSIQUE COLLECTION | IVORY collection | QUADRA COLLECTION | SOVRANA COLLECTION | COSMO collection

**Registered Office**
Chitrakoot, 10th Floor, 230 A, A J C Bose Road, Kolkata-700020
Ph: 76040 88814/15/16/17 | Email: info@laopala.in | www.laopala.in

*With Best compliments From*

# Anzen Exports
# &
# Shubham Pharmachem Pvt. Ltd.

**DEALER IMPORTER EXPORTER INDENTING AGENT FOR ALL KINDS OF ACTIVE PHARMACEUTICAL INGREDIENTS, PHYTOCHEMICALS, HERBAL EXTRACTS & ESSENTIAL OILS**

**KOLKATA**

## Anzen Exports

**Regd. Office : 55/3D, Ballygunge Circular Road**
**Ground Floor, Kolkata-700 019, India**

**Admn. & Corres. Office :**
**157, Sarat Bose Road, 2nd Floor**
**Kolkata-700 026, India**
**20C, Hazra Road, 1st Floor, Kolkata-700 026, India**
**Tel : 91-33-2454 9650/51, 91-33-2454 8159**
**E-mail: info@anzen.co.in  Web: www.anzen.co.in**

**MUMBAI**

## Shubham Pharmachem Pvt. Ltd.

**205-206, Laxmi Plaza, Laxmi Industrial Estate**
**New Link Road, Andheri (W)**
**Mumbai - 400 053, India**
**P : +91 (22) 2635 4800 / 2635 4900**
**F: +91 (22) 6692 3929 / 2631 8808**
**Email: shubham@shubham.co.in**

## झारखंड प्रांतीय सम्मेलन के प्रादेशिक चुनाव

# ओमप्रकाश अग्रवाल होंगे झारखंड सम्मेलन के नये अध्यक्ष




झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सत्र २०१९-२१ के लिए प्रांतीय अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया गत दिसम्बर २०१९ से प्रारम्भ हुई एवं अधिसूचना के अनुसार १२ एवं १३ जनवरी २०२० को मतदान हुए। मुख्य चुनाव पदाधिकारी **विनोद जैन** तथा चुनाव पदाधिकारीगण **मनोज बजाज** एवं **पवन पोद्दार** द्वारा मारवाड़ी भवन, हरमू रोड, राँची में मतगणना दिनांक १३ जनवरी २०२० को कराई गई।

चुनाव में श्री ओम प्रकाश अग्रवाल एवं श्री बसंत मित्तल प्रत्याशी थे। मतगणना के बाद श्री ओमप्रकाश अग्रवाल को विजयी घोषित किया गया। चुनाव पदाधिकारी मनोज बजाज ने श्री ओमप्रकाश अग्रवाल को विजय प्रमाण पत्र प्रदान किया।



नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने अपने निर्वाचन हेतु आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सम्मेलन में वरिष्ठ जनों के सुझाव एवं मार्गदर्शन में, युवा व महिला शक्ति को साथ लेकर वे संगठन–विस्तार सहित सम्मेलन के उद्देश्यों की प्राप्ति का यथासम्भव प्रयत्न करेंगे।

## संक्षिप्त जीवन परिचय : श्री ओम प्रकाश अग्रवाल

श्री ओम प्रकाश अग्रवाल का जन्म ७ दिसम्बर १९४५ को सीकर, राजस्थान में हुआ। आपकी माँ स्व. सरस्वती देवी एवं पिता का नाम स्व. सूरजमल अग्रवाल है। आपने राँची विश्वविद्यालय से बी. कॉम, एल.एल.बी. की शिक्षा प्राप्त की है। धर्मपत्नी श्रीमती बिमला देवी, दो पुत्रों एवं तीन पुत्रियों के भरे-पूरे परिवार के साथ आप राँची में निवास करते हैं। राँची में आपके विनायका एजेंसीज, विनायका परफ्यूमरी वर्क्स, विनायका प्रिन्टर्स एवं विनायका वेयरहाउसिंग एल.एल.पी. के नाम से चार प्रतिष्ठान हैं।

आप बिहार अगरबत्ती व्यवसायिक संगठन, राँची के संस्थापक अध्यक्ष (१९७५) हैं। आप अग्रवाल सभा, राँची (१९८७-९०) के मंत्री एवं लायंस क्लब राँची ग्रेटर (१९९०-९१), फेडरेशन ऑफ झारखंड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, राँची (१९९७-९८), अग्रवाल सभा, राँची (२०००-०२) और मारवाड़ी सहायक समिति, राँची (२००७-०९) के अध्यक्ष रह चुके हैं। सत्र २०१७-१९ में आप झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय उपाध्यक्ष थे। इसके अलावा आप रेड क्रॉस सोसाइटी, राँची; अखिल भारतीय अगरबत्ती उत्पादन समिति, बंगलौर; झारखंड स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, राँची और सम्पत्ति संरक्षक मंडल, अग्रवाल सभा, राँची से भी जुड़े हुए हैं।

आपको गाँधी वेलफेयर सोसाइटी, धुर्वा, राँची द्वारा 'गाँधी सम्मान' (१९९८) एवं लोक सेवा समिति, राँची द्वारा 'झारखंड रत्न सम्मान' (२००१-०२) से नवाजा जा चुका है।

## सम्मेलन का राजस्थानी भाषा-साहित्य सम्मान

# अगली पीढ़ी को अपनी भाषा-संस्कृति के प्रति रखें सचेत : डॉ. कुसुम खेमानी

# साहित्य समाज का दर्पण : शंकर लाल कारीवाल

# मातृभाषा के बढ़ावे हेतु हर स्तर पर हो प्रयास : संतोष सराफ

| | |
|---|---|
| *चेतन स्वामी को मिला 'सीताराम रुँगटा राजस्थानी भाषा-साहित्य सम्मान'* | *पवन पहाड़िया को 'केदारनाथ-भागीरथीदेवी कानोड़िया राजस्थानी भाषा बाल-साहित्य सम्मान'* |




*सम्मान समारोह में (बायें से) श्री रतन शाह, डॉ. कुसुम खेमानी, सर्वश्री शंकर लाल कारीवाल, संतोष सराफ, डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया एवं श्रीगोपाल झुनझुनवाला।*

***"किसी भी समाज के लिए उसकी परम्पराओं, संस्कृति एवं मातृभाषा का महत्त्व वर्णनातीत है। चाहे आप कितने बड़े विद्वान हो जायें, कितनी भी भाषायें सीख लें, जीवन के भाषाक्षेत्र में प्रथम साक्षात्कार अपनी मातृभाषा से ही होता है और प्रथम गुरु माँ ही होती है। यह सर्वमान्य है कि जिस देश या समाज को अपनी भाषा और साहित्य के गौरव का अनुभव नहीं, वह उन्नत नहीं हो सकता।"*** ये उद्‌गार अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने गत ११ जनवरी २०२० को कोलकाता स्थित हिन्दुस्तान क्लब में आयोजित सम्मेलन के राजस्थानी भाषा-साहित्य सम्मान समारोह में व्यक्त किए।

समारोह में सबका स्वागत करते हुए श्री सराफ ने प्रवासियों के लिए अपनी मातृभाषा के प्रति सजग-सचेत रहने की विशेष जरूरत पर बल दिया और कहा कि हर स्तर पर अपनी मातृभाषा के उपयोग को बढ़ावा देने का प्रयास करना हम सबका नैतिक दायित्व है। पश्चिम बंग के राज्यपाल **श्री जगदीप धनखड़** को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि किसी देश को न्यूक्लियर पावर से भी ज्यादा ताकत एक साहित्यकार दे सकता है।

समारोह में मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध उद्योगपति-समाजसेवी **श्री शंकर लाल कारीवाल** ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है। ये समाज में बदलाव लाता है और इसके बिना समाज का विकास सम्भव नहीं है। विडम्बना है कि हम अपनी भाषा के प्रति यथोचित गम्भीर नहीं हैं और यहाँ तक कि इसके इस्तेमाल में भी संकोच करते हैं। राजस्थानी भाषा को प्रोत्साहन हेतु सम्मेलन के प्रयासों को उन्होंने प्रशंसनीय बताया।

समारोह की मुख्य वक्ता **डॉ. (श्रीमती) कुसुम खेमानी** ने अपने वक्तव्य में पठन-पाठन के महत्त्व पर जोर डालते हुए कहा कि लेखक और साहित्यकार तो आज भी लिख ही रहे हैं, पर उनका लेखन आमजन तक कैसे पहुँचे, यह विचारणीय है। सोशल मीडिया, इंटरनेट आदि के चलन से हर भाषा के पुस्तक-पाठकों की संख्या में कमी आई है। उन्होंने अपने स्वयं के घर में बच्चों को राजस्थानी भाषा के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करने से सम्बंधित संस्मरण सुनाये और बताया कि किस प्रकार उन्होंने घर में नियम बनाया कि घरेलू बातचीत मायड़ भाषा में ही होगी और अंग्रेजी का उपयोग करने पर मासिक जेब खर्च (पॉकेट मनी) में कटौती कर दिया जाएगा। **राजस्थानी भाषा-साहित्य को प्रश्रय एवं इसके प्रचार-प्रसार हेतु सम्मेलन की प्रतिबद्धता को उन्होंने सराहा और कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोहों से साहित्यकारों को परिचिति और प्रोत्साहन मिलता है और वे बेहतर साहित्यिक सृजन के लिए उत्प्रेरित होते हैं।**

सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री सीताराम शर्मा** ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि राजस्थानी भाषा एवं महाकवि पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया जी को जो सम्मान मिलना चाहिए था वो नहीं मिला पर सम्मेलन अपने दायित्व का सतत् निर्वहन कर रहा है। सम्मेलन की अभी भी कोशिश है कि सेठिया जी को पद्म

विभूषण से सम्मानित किया जाये। राजस्थानी भाषा में लिखने के लिए लेखकों का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि सम्मेलन के मासिक मुखपत्र 'समाज विकास' में प्रमुखता देकर उन्हें प्रकाशित किया जाएगा।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया** ने सलाह दी कि छोटे–छोटे आलेखों, कविताओं, कहानियों आदि की त्रिभाषीय (राजस्थानी, हिन्दी एवं अंग्रेजी) पुस्तकें प्रकाशित की जायें। इनसे न सिर्फ बालक-बालिकाओं का ज्ञानवर्धन होगा बल्कि उनका भाषाज्ञान भी विस्तृत होगा और मायड़ भाषा राजस्थानी का भी प्रचार-प्रसार होगा।

सम्मेलन की पुरस्कार चयन उपसमिति के चेयरमैन **श्री रतन लाल शाह** ने सम्मेलन के राजस्थानी भाषा-साहित्य सम्मानों की पृष्ठभूमि के बारे में बताया और इनकी स्थापना हेतु सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों श्री नंदलाल रुँगटा एवं डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया का आभार ज्ञापित किया।

सम्मान समारोह में श्रीडूंगरगढ़, राजस्थान निवासी, वरिष्ठ साहित्यकार **डॉ. चेतन स्वामी को "सीताराम रुँगटा राजस्थानी भाषा–साहित्य सम्मान"** एवं नागौर (चुरु), राजस्थान निवासी, बहुमुखी प्रतिभा के धनी **श्री पवन पहाड़िया को केदारनाथ–भागीरथीदेवी कानोड़िया राजस्थानी भाषा बाल–साहित्य सम्मान"** प्रदान किया गया। इन दोनों सम्मानों के अन्तर्गत सम्मानपूर्वक माला, श्रीफल, शॉल आदि से विधिवत सम्मानित कर मानपत्र एवं २१ हजार की सम्मान राशि प्रदान की जाती है। सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री **श्री श्रीगोपाल झुनझुनवाला** ने सम्मानित होने वाले साहित्यकारों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। सम्मान की प्रक्रिया में राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री दामोदर प्रसाद बिदावतका**, संगठन मंत्री **श्री गोपाल अग्रवाल**, कोषाध्यक्ष **श्री कैलाशपति तोदी**, रोजगार सहायता उपसमिति के चेयरमैन **श्री दिनेश जैन** आदि की अग्रणी भूमिका थी।

सम्मान हेतु आभार प्रदर्शित करते हुए डॉ. चेतन स्वामी ने अपने वक्तव्य में कहा कि आप कितनी ही तरक्की कर लें, अगर आप अपनी भाषा ही भूल गये, तो सारी तरक्की बेकार है। उन्होंने बताया कि पूरे विश्व में राजस्थानी भाषा से समृद्ध शब्दकोष नहीं है।

श्री पवन पहाड़िया ने बंगाल की धरती पर राजस्थानी भाषा के सम्मान एवं अपनी संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए सम्मेलन का आभार जताया और कहा कि मान-सम्मान का कोई मोल नहीं होता। उन्होंने कहा कि बच्चों को मोबाईल चाहे आप कितनी ही महंगी दे दें पर साहित्य की एक पुस्तक जरूर दें। साथ ही इन्हें संस्कार-संस्कृति के प्रति भी सजग-सचेत एवं जागृत रखें।

इस अवसर पर सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हरिप्रसाद कानोड़िया ने मंचस्थ गणमान्यों के साथ सम्मेलन के सत्र २०१८-२० की निर्देशिका का लोकार्पण भी किया जिसका प्रकाशन निर्देशिका उपसमिति के चेयरमैन श्री ओम प्रकाश अग्रवाल की देख-रेख में हुआ।



समारोह का कुशल संचालन सम्मेलन के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री एवं पुरस्कार चयन उपसमिति के संयोजक **श्री संजय हरलालका** ने किया। उन्होंने सम्मेलन से सम्बंधित उपाख्यानों एवं अपनी धाराप्रवाह शैली से कार्यक्रम को सरस एवं गरिमापूर्ण बनाये रखा। समारोह में अखिल भारतीय राजस्थानी भाषा-मान्यता संघर्ष समिति के संस्थापक एवं संगठक **श्री लक्ष्मणदान कविया** भी उपस्थित थे। सम्मेलन के पदाधिकारियों द्वारा श्री कविया का बूके-शॉल आदि देकर विधिवत सम्मान किया गया।

समारोह के अंत में, पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री नंदकिशोर अग्रवाल** ने धन्यवाद–ज्ञापन करते हुए बताया कि पश्चिम बंगाल सम्मेलन के विभिन्न शाखाओं के शपथ–ग्रहण में एक शपथ को और जोड़ा गया है कि वे आपसी बातचीत में अपनी मातृभाषा का ही प्रयोग करेंगे। समारोह में सर्वश्री/सर्वश्रीमती **विश्वनाथ खड़किया, जय प्रकाश सेठिया, अरुण प्रकाश मल्लावत, कुंजबिहारी अगरवाला, बंशीधर शर्मा, महावीर बजाज, रमेश कुमार बूबना, पंकज केडिया, शिव कुमार अग्रवाल, नारायण प्रसाद अग्रवाल, जुगल किशोर जाजोदिया, किशन किला, संजय शर्मा, राजेश अग्रवाल, संदीप सेक्सरिया, विनय कुमार सराफ, डॉ. सुनीता अग्रवाल, स्नेहलता पुगलिया, उत्तम कुमार पुगलिया, अरुण कुमार पुगलिया, शिल्पा कजारिया, महावीर प्रसाद मनक्सिया, सुरेश अग्रवाल, सुरेन्द्र क्याल, नंदलाल सिंघानिया, कान्तिचन्द्र गोयनका** सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय पदाधिकारियों का होज़ाई दौरा

गत ०२ जनवरी २०२० को होज़ाई में, असम साहित्य सभा की कार्यकारिणी समिति की बैठक एवं नव सभापति, उपसभापति एवं संपादक के चुनाव की प्रक्रिया संपन्न हुई। इसी अवसर पर साहित्य सभा के भवन परिसर में रूपकुँवर ज्योति प्रसाद अगरवाला की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया गया। वर्ष २००३ में इसी स्थल पर सम्मेलन के सहयोग से मूर्ति स्थापित की गई थी परंतु उसके खंडित होने की वजह से पुनः इस विशाल प्रतिमा का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। असम साहित्य सभा के सभापति परमानंद राजवंशी ने बैठक का शुभारम्भ किया।



सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष मधुसूदन सीकरिया, प्रांतीय महामंत्री राजकुमार तिवाड़ी एवं वरिष्ठ प्रांतीय सदस्य किशोर जैन सम्मेलन के प्रतिनिधि के रूप में वहाँ उपस्थित थे एवं उनका विशेष रूप से अभिनंदन किया गया। सम्मेलन की होज़ाई शाखा के अध्यक्ष कामाख्या प्रसाद अग्रवाल, मंत्री महेश चनानी, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य निरंजन सरावगी, शाखा के पूर्व अध्यक्ष वयोवृद्ध सज्जन शर्मा, पत्रकार रमेश मूँदड़ा सहित अनेक सदस्य भी बैठक में मौजूद थे। प्रांतीय अध्यक्ष सीकरिया ने समारोह में मारवाड़ी सम्मेलन को सम्मान प्रदान करने के लिए असम साहित्य सभा का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने साहित्य सभा द्वारा असम में रहने वाले सभी भाषा-भाषी एवं धर्मावलम्बियों को एक समान आदर-सत्कार देने के लिए भी साहित्य सभा की प्रशंसा की। श्री सीकरिया ने कहा कि असम की भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के विकास के लिए सभी असमवासी पूर्व में भी काम करते आए हैं एवं भविष्य में भी करते रहेंगे।

कार्यक्रम के पश्चात् मारवाड़ी सम्मेलन, होज़ाई शाखा द्वारा प्रांतीय पदाधिकारियों के होज़ाई आगमन पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें असम की वर्तमान परिस्थिति पर चर्चा हुई। वर्तमान प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्यों की सभी ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। निरंजन सरावगी द्वारा संचालित इस बैठक में अत्यधिक संख्या में सदस्यों की उपस्थिति पर प्रांतीय पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त की। बैठक के अंत में सुनील भीमसरिया ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

समाचार सार

# रूपा एण्ड कम्पनी को मिला हॉल ऑफ फेम अवार्ड



भारत चैम्बर ऑफ कॉमर्स से सम्बद्ध वेस्ट बंगाल होजियरी एसोसिएशन के नीटवीयर इंडस्ट्री के १२५ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम में **रूपा एण्ड कम्पनी को कपड़ा उद्योग में उत्कृष्ट योगदान हेतु हॉल ऑफ फेम अवार्ड से नवाजा गया**। रूपा एण्ड कम्पनी के चेयरमैन **श्री प्रह्लाद राय अगरवाला** एवं मैनेजिंग डायरेक्टर **श्री कुंज बिहारी अगरवाला** ने केन्द्रीय कपड़ा मंत्री **श्रीमती स्मृति ईरानी** के हाथों यह सम्मान ग्रहण किया।

इस अवसर पर बोलते हुए श्रीमती ईरानी ने कहा कि कपड़ा उद्योग के विकास के लिए वे उद्योगपतियों से बैठक करेंगी। उन्होंने कहा कि नीटवीयर इंडस्ट्री से महिलाओं को जोड़ने की जरूरत है ताकि उन्हें सशक्त किया जा सके एवं साथ ही साथ उन्हें वित्तीय सहायता भी प्राप्त हो। श्रीमती ईरानी ने कहा कि **हमारा लक्ष्य है कि कपड़ा क्षेत्र में मशीनीकरण एवं तकनीकी उन्नति के माध्यम से भारत आगे बढ़े और वैश्विक नेतृत्व प्रदान करे**। कार्यक्रम में रूपा एण्ड कम्पनी के डायरेक्टर **श्री रमेश अग्रवाल** सहित देश के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या में उद्योगपति मौजूद थे।

*किसी दिन, जब आपके सामने कोई समस्या ना आई हो, आप सुनिश्चित हो सकते हैं कि आप गलत मार्ग पर चल रहे हैं।*



# Krishi Rasayan Group

**29, Lala Lajpat Rai Sarani (Elgin Road),**
**Kolkata - 700020, West-Bengal, India**
**www.krishirasayan.com**
**E-mail: atul@krishirasayan.com**
**Telephone: +91-33-71081010/11**

With more than 50 years of experience in the agro-chemical business and being one of the oldest and leading agrochemical companies of India, **Krishi Rasayan** is touching new heights with each passing day.

The continuous process of upgradation, development and inherent changes according to the market requirements have helped **Krishi Rasayan** become a leader in the domestic circuit. **Krishi Rasayan** is expanding word-wide with exports and overseas registrations focusing on South-East Asia, Africa, Middle-East, CIS and Latin America.

**Krishi Rasayan** has 8 multi-location manufacturing plants in different parts of India and has 5 overseas subsidiaries.

**It also boasts of having contract technical manufacturing units in India manufacturing Pretilachlor, Ethephon, Cypermethrin, Profenofos, Imidacloprid, Thiamethoxam, Metalaxyl, Metribuzin, Acetamiprid, Glyphosate, Tricyclazole, Butachlor, Emamectin benzoate, Difenconazole and Chlorpyriphos.**

Additional technical products to be added are under process. The company has technical tie-ups and contract manufacturing with various companies in China and also has an office in Shanghai, China.

The company has many products including formulations such as EC, SC, WDG, SP, GR, EW and CS

**Krishi Rasayan** specializes in many combination products & bio-products. GLP data are available for most of the products; both 5-batch and 6-pack study.

**Insecticides:**

**Deltamethrin 1% + Triazofos 35% EC, Profenofos 40% + Cypermethrin 4% EC, Ethion 40% + Cypermethrin 4% EC, Chlorpyriphos 50% + Cypermethrin 5% EC, Acephate 25% + Fenvalerate 3% EC, Buprofezin 15% + Acephate 35% WP, Profenofos 20% + Cypermethrin 2% EC, Deltamethrin 2.5% + Permethrin 2.5% EC, and many other forumlations available.**

**Fungicides:**

**Metalaxyl 8% + Mancozeb 64% WP, Carboxin 37.5% + Thiram 37.5% DS, Carbendazim 12% + Mancozeb 63% WP, Streptomycin sulphate + Tetracycline hydrochloride (90:10), Iprodione 25% + Carbendazim 25% WP, Cymoxanil 8% + Mancozeb 64% WP, etc**

**Weedicides:**

**Metsulfuron methyl 10% + Chlorimuron ethyl 10% WP & other formulations available.**

**PGR's:**

**6BA, Amino Acids, Ethephon, Gibberallic Acid, Hydrogen Cynamide, Tricontanol**

**Bio-Products:**

**Bacillus thuringiensis var kurstaki 7.5% WP, Trichoderma harzianum 2% WP, Trichoderma viride 1% WP, Pseudomonas fluorescens 0.5% WP, Neem Oil, Azadirachtin, Beauveria bassiana 1.15% WP, Verticillium lecani 1.15% WP and other formulations available.**



To your taste buds, with love...
Refreshingly, yours.
Indulgently, yours.
Addictively, yours.
Spicily, yours.
Healthily, yours.
Nourishingly, yours.
Delightfully, yours.
Obsessively, yours.
Temptingly, yours.
Passionately, yours.
Snackingly, yours.
Yours Tastefully
Anmol
TM
celebrating
25
years
BISCUITS
www.anmolindustries.com | Follow us on:

## प्रांतीय समाचार : पूर्वोत्तर

### रांगापाड़ा में सम्मेलन की शाखा स्थापित

# लक्ष्मी नारायण पारीक अध्यक्ष एवं राजेश पाटोदिया होंगे मंत्री




आज़ादी से अनेक वर्ष पूर्व जब मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना की गई थी तब इस संगठन की जो प्राथमिकता थी आज के दौर में भी वे प्रासंगिक हैं। सम्मेलन अपने प्रारंभिक काल से ही समाज से जुड़े विषयों को प्राथमिकता देता आया है। विषयों में परिवर्तन जरूर हुआ है लेकिन तब के दौर में भी समाज ने अपने अस्तित्व की लड़ाई सम्मेलन के नेतृत्व में लड़ी थी तथा आज के दौर में भी लड़ रहा है। वर्तमान समय में असम समझौते की धारा छः एवं प्रदेश सरकार की नई भूमि नीति पर समाज का पक्ष मज़बूती से रखने के लिए सम्मेलन कटिबद्ध है। मारवाड़ी समाज का हमेशा से मानना है कि हम जिस प्रांत में रहते हैं उस प्रांत की भाषा, संस्कृति एवं साहित्य का संपूर्ण विकास हो। हर जाति धर्म के लोगों के बीच आपसी भाईचारा बना रहे। उक्त बातें पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष मधुसूदन सीकरिया ने रांगापाड़ा में मारवाड़ी सम्मेलन की नई शाखा के गठन के दौरान कही। गत ३१ दिसम्बर २०१९ को रांगापाड़ा के अग्रवाल समिति भवन में उक्त शाखा की प्रथम कार्यकारिणी समिति का शपथ विधि कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक नागौरी की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि स्वरूप प्रांतीय अध्यक्ष सीकरिया, विशिष्ट अतिथि प्रांतीय महामंत्री राजकुमार तिवाड़ी, प्रांतीय संयुक्त मंत्री के.आर. चौधरी, प्रांतीय सहायक मंत्री दीपक बैद, मारवाड़ी सम्मेलन की ढेकियाजुली शाखा के अध्यक्ष धर्मचंद पांडिया, रांगापाड़ा चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव दीपंकर दे एवं डी आई सी प्रतिष्ठान के के. अग्रवाल आदि मंचासीन थे। स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए राजेश पाटोदिया ने मारवाड़ी सम्मेलन, रांगापाड़ा शाखा के गठन की प्रक्रिया एवं नये ५८ आजीवन सदस्य बनने की जानकारी दी। इसके पश्चात प्रांतीय अध्यक्ष सीकरिया द्वारा मारवाड़ी सम्मेलन रांगापाड़ा को मान्यता देने की औपचारिक घोषणा की गई।

नवगठित शाखा के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में श्री लक्ष्मी नारायण पारीक को श्री सीकरिया द्वारा शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात शाखा की प्रथम कार्यकारिणी समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों को प्रांतीय महामंत्री तिवाड़ी के द्वारा शपथ पाठ करवाया गया। श्री पारीक ने अपने संबोधन में सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने कार्यकाल के दौरान सभी के सहयोग की कामना की।

साथ ही उन्होंने अपनी कार्यकारिणी समिति की घोषणा की जिसमें शाखा उपाध्यक्ष क्रमशः किशनलाल व्यास, राजेंद्र दूगर एवं विद्याधर पारीक, शाखा मंत्री राजेश पाटोदिया, संयुक्त मंत्री द्वारकेश गोयल एवं किशन पारीक, सहायक मंत्री संजय गुप्ता एवं शिवभगवान पारीक, कोषाध्यक्ष साँवरमल पारीक, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, राधेश्याम मूंधड़ा, पवन पाटोदिया, पवन पारीक, कमल मीणा, श्यामसुंदर पारीक, दिनेश धानुका, महेश पारीक, ओमप्रकाश सिंगला, मनोज पाटोदिया, विक्की अग्रवाल, राजकुमार मीणा, रामअवतार पारीक, सुनील मोर एवं हरि बूबना मनोनीत हुए।

कार्यक्रम के अंत में संस्थापक अध्यक्ष पारीक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता पूर्ण की गई। उल्लेखनीय है कि शाखा के संस्थापक सचिव राजेश पाटोदिया ने व्यवस्थित तरीके से सम्पूर्ण समारोह का संचालन किया।

## प्रांतीय समाचार : बिहार

# महेश जालान होंगे बिहार सम्मेलन के नये अध्यक्ष

बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के चुनाव अधिकारी **श्री राजेश बजाज** एवं चुनाव समिति सदस्यों **सर्वश्री अनूप पारीक** एवं **अरुण रुँगटा** से प्राप्त सूचना के अनुसार सत्र २०२०-२२ हेतु प्रादेशिक अध्यक्ष के निर्वाचन में श्री महेश जालान निर्वाचित हुए हैं।

### संक्षिप्त जीवन परिचय : श्री महेश जालान

बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री महेश जालान एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रखर वक्ता हैं एवं पिछले लघभग तीन दशकों से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। सुख-दुख में हर किसी के साथ खड़े रहना आपकी स्वभावगत विशेषता है।

आप बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, बिहार चेंबर्स ऑफ कॉमर्स, आध्यात्मिक सत्संग समिति, बन बंधु परिषद, लॉयन क्लब ऑफ पटना टाइगर्स आदि अनेक आर्थिक/सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए हैं और गुरुमहत्व के पदों का निर्वहन करते आये हैं। आप बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के संस्थापक अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा, आप बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के भी विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं और वर्तमान सत्र (२०१८-२०) में प्रादेशिक महामंत्री हैं।

आप पाटना सिटी निवसी स्व. कल्याण प्रसाद जालान के सुपुत्र हैं। धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता देवी जालान, एक पुत्र एवं एक पुत्री के भरे-पूरे परिवार के साथ आप पटना में निवास करते हैं। आप पैकेजिंग मैटेरियल (कार्टून) व्यवसाय से जुड़े हैं।

समाचार सार

# गुजरात सम्मेलन का दिव्यांग खेल महोत्सव




गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन – सूरत एवं अन्नपूर्णा सेवा ट्रस्ट सेवार्थ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय "दिव्यांग खेल महोत्सव २०१९-२०" का आयोजन किया गया।

गत १२ जनवरी २०२० को टूर्नामेंट की शुरूआत बांखिनी स्टेडियम, मोराभागल, सूरत में हुई जिसमें गुजरात प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन के संरक्षक श्री जय प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री विनोद अग्रवाल, सचिव श्री राहुल अग्रवाल एवं संगठन मंत्री श्री शंकर गोयल उपस्थित रहे।

टूर्नामेंट के दो दिनों में करीब ७०० दिव्यांग खिलाड़ियों ने विविध खेलों में हिस्सा लिया। प्रमुख खेलों में भाला-फेंक, म्यूजिकल चेयर, डिस्कस थ्रो, डार्ट्स, १०० मीटर रेस, रिंग थ्रो आदि थे। दिव्यांग खिलाड़ियों की विविध श्रेणियाँ रखी गयीं, जिन्हें आयु के हिसाब से बाँटा गया था।

# मुजफ्फरपुर शाखा द्वारा सम्मेलन का स्थापना दिवस पालन

गत २५ दिसम्बर २०१९ को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के ८५वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर बिहार सम्मेलन के मुजफ्फरपुर नगर शाखा कार्यालय में नगर-शाखा अध्यक्ष श्री मनोहर लाल केजड़ीवाल की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन हुआ।

सभा में उपाध्यक्ष श्री राज किशोर बंका, महामंत्री श्री मन मोहन दास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री अशोक डागा, संगठन मंत्री श्री प्रमोद जाजोदीया, प्रादेशिक वरीय उपाध्यक्ष श्री राजीव केजड़ीवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्री पवन बंका, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर टिबड़ेवाल, प्रमंडलीय मंत्री श्री श्रवण सर्राफ उपस्थित थे।

सभी सदस्यों ने ८५वें स्थापना दिवस पर अपनी खुशी व्यक्त की, एक-दूसरे को बधाइयाँ दी और आशा जताई कि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन समाजहित के कार्यक्रमों द्वारा निरंतर समाज के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यरत रहेगा।

# पूर्वोत्तर सम्मेलन ने महाबीर भीमसरिया के निधन पर व्यक्त किया गहरा शोक



पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन ने अपने पूर्व प्रांतीय कोषाध्यक्ष एवं वर्तमान प्रांतीय सलाहकार महाबीर भीमसरिया के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष मधुसूदन सीकरिया एवं प्रांतीय महामंत्री राजकुमार तिवाड़ी ने संयुक्त बयान में उन्हें सच्चा समाजसेवी बताते हुए कहा कि सम्मेलन को उनके द्वारा दी गई निस्वार्थ सेवा आज सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्वरूप है। सम्मेलन परिवार उनके अवदानों को कभी भूल नहीं पाएगा। प्रांतीय पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति एवं शोकसंतप्त परिवार के सभी सदस्यों को आत्मबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। सम्मेलन के प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी विवेक सांगानेरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भीमसरिया पिछले अनेक वर्षों से सम्मेलन के शिक्षाकोष से जुड़े हुए थे। शिक्षाकोष की गतिविधियों को आगे बढ़ाने में उनका अग्रणी योगदान है। शिक्षाकोष के अध्यक्ष डॉ. एस.एस. हरलालका ने भी भीमसरिया के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# सम्मेलन की दुर्गापुर पश्चिम शाखा द्वारा कंबल वितरण



पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के दुर्गापुर पश्चिम शाखा की ओर से गत १२ जनवरी २०२० को बेनाचिती इलाके में स्थित श्री लक्ष्मीनारायण भवन में कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर पुलिस अधिकारी निर्मल सरकार के अलावा संस्था की ओर से अशोक काजरिया, विष्णु अग्रवाल, पवन बाजोरिया, सम्राट गोलेछा, राम गोबिंद अग्रवाल, गोपाल गुप्ता, श्रवण चौधरी, मनीष गोलेछा सहित गणमान्य समाजबंधु उपस्थित थे। इस अवसर पर २०० से अधिक जरूरतमंदों को कंबल बाँटे गये। कार्यक्रम की सफलता में विष्णु अग्रवाल की विशेष भूमिका रही।

# राजिया रे सोरठे

– कृपाराम बारहठ

**भाड़ जोख झक भेक, वारज में भेळा वसै।**
**इसकी भंवरो एक, रस की जांणे राजिया।।**

बड़ा मेढक, जोंक, मछली और दादुर सभी जल में कमल के अन्दर ही रहते है, किंतु कमल के रस का महत्व तो केवल रसिक भ्रमर ही जानता है (गुण को गुणग्राही और रस को रसज्ञ ही जान सकता है)।

**मानै कर निज मीच, पर संपत देखे अपत।**
**निपट दुखी व्है नीच, रीसां बळ-बळ राजिया।।**

नीच व्यक्ति जब दूसरे की सम्पति को देखता है तो उसे अपनी मृत्यु समझता है, इसलिए ऐसा निकृष्ट व्यक्ति मन में जल-जल कर बहुत दुखी होता है।

**खूंद गधेडा खाय, पैलां री वाडी पडे।**
**आ अणजुगति आय, रडकै चित में राजिया।।**

यदि परायी बाड़ी में गधे घुस कर उसे रोंदते हुए खाने लगे, तब भी हे राजिया! यह अयुक्त बात है जो मन में अवश्य खटकती है।

**नारी दास अनाथ, पण माथै चाढयां पछै।**
**हिय ऊपरलौ हाथ, राल्यो जाय न राजिया।।**

नारी और दास अनाथ होते हैं (इसीलिये इन दोनों को स्वामी की जरूरत होती है) किन्तु एक बार इन्हें सिर पर चढ़ा लेने से ये छाती-ऊपर का हाथ बन जाते हैं जिसे हटाना आसान नहीं होता।

**हियै मूढ़ जो होय, की संगत ज्यांरी करै।**
**काला ऊपर कोय, रंग न लागै राजिया।।**

जो व्यक्ति जन्मजात मूर्ख होते है, उन पर सत्संगति का कोई प्रभाव नहीं पड़ता, हे राजिया! जैसे काले रंग पर कोई अन्य रंग नहीं चढ़ता।

**मलियागिर मंझार, हर को तर चन्दण हुवै।**
**संगत लियै सुधार, रूंखाँ ही नै राजिया।।**

मलयागिरि पर प्रत्येक पेड़ चन्दन हो जाता है, हे राजिया! यह अच्छी संगति का ही प्रभाव है, जो वृक्षों तक को सुधार देता है।

**पिंड लछण पहचाण, प्रीत हेत कीजे पछै।**
**जगत कहे सो जाण, रेखा पाहण राजिया।।**

किसी भी व्यक्ति से प्रेम व घनिष्ठता स्थापित करने से पहले उसके व्यक्तित्व की पूरी जानकारी कर लेनी चाहिये। यह लोक मान्यता पत्थर पर खिंची लकीर की भांति सही है।

**ऊँचे गिरवर आग, जलती सह देखै जगत।**
**पर जलती निज पाग, रती न दिसै राजिया।।**

ऊँचे पहाडों पर लगी आग तो सारा संसार देखता है, परन्तु हे राजिया! अपने सिर पर जलती हुयी पगड़ी कोई नहीं देखता। अर्थात दूसरों में दोष देखना बहुत आसान है किन्तु कोई अपने दोष नहीं देखता।

**सुण प्रस्ताव सुभाय, मन सूं यूँ भिडकै मुगध।**
**ज्यूँ पुरबीयौ जाय, रती दिखायां राजिया।।**

काम-चेष्टा रहित स्त्री रतिप्रस्ताव सुनकर इस प्रकार चौंक कर भागती है जैसे चिरमी दिखाने पर रंगास्वामी।

**जिण बिन रयौ न जाय, हेक घडी अळगो हुवां।**
**दोस करै विण दाय, रीस न कीजे राजिया।।**

जिस व्यक्ति के घड़ी भर अलग होने पर भी रहा नहीं जाये, ऐसा ममत्व वाला व्यक्ति यदि कोई गलती करे तो उसका बुरा नहीं मानना चाहिये।

**समर सियाळ सुभाव, गळियां रा गाहिड़ करै।**
**इसडा तो उमराव, रोट्याँ मुहंगा राजिया।।**

जिन लोगों का युद्ध में तो गीदड़ का सा स्वभाव हो किन्तु महफ़िल गोष्ठियों में अपनी बहादुरी की बातें करें, हे राजिया! ऐसे सरदार (उमराव) तो रोटियों के बदले भी महंगे पड़ते हैं।

**कही न माने काय, जुगती अणजुगती जगत।**
**स्याणा नै सुख पाय, रहणों चुप हुय राजिया।।**

जहाँ लोग कही हुयी उचित-अनुचित बात को नहीं मानते हों, वहाँ समझदार व्यक्ति को चुप ही रहना चाहिये।

**पाटा पीड उपाव, तन लागां तरवारियां।**
**वहै जीभ रा घाव, रती न ओखद राजिया।।**

शरीर पर तलवार के लगे घाव तो मरहम-पट्टी आदि के इलाज से ठीक हो सकते हैं किन्तु हे राजिया! कटु वचनों से हुए घाव को भरने की कोई औषधि नहीं है।

**नहचै रहौ निसंक, मत कीजै चळ विचळ मन।**
**ऐ विधना रा अंक, राई घटै न राजिया।।**


निश्चयपूर्वक निःशंक रहो और मन को चल-विचल मत करो, क्योंकि विधाता ने भाग्य में जो अंक लिख दिये हैं, हे राजिया! वे राई भर भी नहीं घटेंगे।

**सुधहीणा सिरदार, मतहीणा मांनै मिनख।**
**अस आंधौ असवार, रांम रुखाळौ राजिया।।**

जो सरदार खुद तो सुध-बुध खोये रहता है और बुद्धिहीनों को अपना विश्वस्त बनाता है; अन्धे घोड़े और अन्धे सवार की भांति ऐसे लोगों का भगवान ही रक्षक है।

**भावै नहींज भात, विंजण लगै विडावणा।**
**रीरावे दिन रात, रोट्या बदळै राजिया।।**

जिन लोगों को कभी भात अच्छा नहीं लगता और मीठे व्यंजन भी अरुचिकर लगते हैं, वे ही लोग समय के फ़ेर से रोटियों के लिये भी दिन-रात गिड़गिड़ाने लगते हैं।




Subscribe **Business Economics :**

Subscribers may send choice of books valued equal to subscription

| Tick | Term | No. of Issues | Price you pay | Gift Value | Saving | US $ | UK £ | Gift Option |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ☐ | 3 Years | 72 | 1440/- | 1440/- | 1440/- | 216 | 144 | ☐ 8GB Pen Drive OR ☐ Bag OR ☐ Tie/Stoll OR ☐ Books |
| ☐ | 1 Year | 24 | 480/- | 480/- | 480/- | 72 | 48 | ☐ 4GB Pen Drive OR ☐ Desktop Clock OR ☐ T-Shirt OR ☐ Books |
| ☐ | 1 Year | 24 + Anniversary Issue (Worth ₹ 150) | 240/- | 150/- | 390/- | - | - | ☐ Exclusively for Students/Institutions |
| ☐ | 1 Year | 24 + Anniversary Issue (Worth ₹ 150) | 240/- | 150/- | 390/- | - | - | ☐ EXCLUSIVELY FOR SENIOR CITIZENS |

For 1 year Book of choice upto ₹ 480 | For 3 years Books of choice upto ₹ 1440

# Business Economics

## Subscription Form

Name : Mr./Ms.__________

Address :__________

__________ City/District:__________

State:__________ Country:__________ Pin Code : ☐☐☐☐☐☐

E-mail :__________ Mobile :__________ Landline :__________ STD CODE

REMITTANCE DETAILS :

Enclosed Cheque / DD No.__________ dated:__________ for Rs.__________ drawn on:__________

In favour of **CONTEMPORARY NEWS PRIVATE LIMITED**

Signature:__________ date:__________

**Mail this subscription form along with your Cheque / DD to :** Pramod Kr. Singh, General Manager, **Business Economics**, 3, Middle Road, Hastings, Kolkata - 700 022, India
Ph : 033 - 2223 0335/0368, Mobile : 93395 19642, E-mail : subscriptions@businesseconomics.in

**For Subscription enquiries contact : Kolkata** : Shaonli Majumder : 033 2223-0368 • **Mumbai** : Rajendra Singh : 90290 84951
**New Delhi** : Lala P. Yadav : 98102 10095 • **Kohima** : Povotso Lohe : 94360 05889

**Lucky DRAW**

QUARTERLY LUCKY DRAW FOR THE SUBSCRIBERS :
1st Prize : INR 2000/- ● 2nd Prize : INR 1000/- ● 3rd Prize : INR 500/-

# SERVICES AT A GLANCE

- Laboratory Services - Advanced Automatic Equipments
- Radiology
  - Digital X-Ray
  - Ultrasonography
  - Colour Doppler Study
- Neurology
  - EMG
  - NCV
  - EEG
- Cardiology
  - ECG
  - Echo-Cardiography
  - Echo-Colour Doppler
  - Holter Monitoring
  - Treadmill Test (TMT)
  - Pulmonary Function Test (PFT)
- Gastro Enterology:
  - UGI Endoscopy
  - Colonoscopy
- Dental General & Cosmetic
- Sleep Study (PSG)
- Eye Care Clinic
- Ent Care Clinic
- Gynae and Obstetric Care Clinic
- Consultation with leading Specialists
- Physiotherapy
- Personalised Care (Injection, Dressing, ECG etc.) at your doorstep
- Comprehensive Health Check-up Programmes
- Diabetes Care Clinic

## Home Blood Collection

(033) 4021-2525, 98300 19073, 97481 22475

98300 19073

Consultation | Diagnostics | Dentistry | Health Checks

Apollo Clinic
Expertise. Closer to you.

## The Apollo Clinic

P-72, Prince Anwar Shah Road, Kolkata-700 045
Email : pashahroad@theapolloclinic.com

# HAPPINESS COMES IN MANY COLOURS. FIND YOURS IN THE Happy Rainbow Box.

Kanoria Foundation
WORK WITH DEVOTION




SREI
Together We Make Tomorrow Happen

